# केंद्रीय व्यवसाय संघों द्वारा श्रम कल्याण की माँग

## प्रिलिम्स के लिये:

केंद्रीय व्यवसाय संघ (CTU), भारतीय श्रम सम्मेलन, श्रम संहिताएँ, राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन (NMP), निजीकरण, विनिवेश, रैप्टाकोस मामला- 1991, निश्चित अवधि का रोज़गार, अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन, गिग वर्कर।

## मेन्स के लिये:

श्रम सुधार और श्रम कल्याण से संबंधित मुद्दे

स्रोत: द हिंदू

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में केंद्र सरकार ने केंद्रीय व्यवसाय संघ (CTU) के साथ एक **गोलमेज़ बैठक** आयोजित की तथा **चार श्रम संहिताओं** के कार्यान्वयन पर आगे की चर्चा करने पर सहमति व्यक्त की।

- इसके अतिरिक्त CTU ने पूर्ववर्ती पेंशन योजना की पुन:स्थापना की माँग की, **भारतीय श्रम सम्मेलन (ILC)** के आयोजन का अनुरोध किया और अनौपचारिक क्षेत्र के लिये अधिक समर्थन की माँग की।

## केंद्रीय व्यवसाय संघों (CTUs) की मुख्य मांगें क्या हैं?

- **भारतीय श्रम सम्मेलन (ILC) की पुन:स्थापना:** CTU ने **भारतीय श्रम सम्मेलन (ILC)** की तत्काल बैठक बुलाने की मांग की है, जो एक त्रिपक्षीय निकाय है जिसकी **वर्ष 2015 से कोई बैठक नहीं हुई** है।
  - उनका तर्क है कि श्रम कानूनों में महत्त्वपूर्ण बदलाव, जिसमें 29 केंद्रीय कानूनों का संहिताकरण और **चार** श्रम संहिताओं का पारित होना शामिल है, **ILC** के साथ उचित परामर्श के बिना हुआ।
- **चार श्रम संहिताओं की समीक्षा और संशोधन:** CTU का तर्क है कि नई श्रम संहिताएँ **बड़े निगमों का पक्ष** लेकर श्रमिकों के **अधिकारों को कमज़ोर** करती हैं। जैसे नई संहिताएँ कंपनियों के लिये (विशेष रूप से 300 से कम कर्मचारियों वाली कंपनियों के लिये) सरकार की अनुमति के बिना श्रमिकों को काम पर रखना और बरखास्त करना आसान बनाती हैं।
  - उन्होंने नौकरी की सुरक्षा, सामूहिक सौदाकारी, काम के घंटे, सामाजिक सुरक्षा प्रावधानों और अनुपालन आवश्यकताओं के बारे में अपनी चिंताओं को दूर करने के लिये इन संहिताओं पर आगे की चर्चा की मांग की है।
- **सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के निजीकरण और विनिवेश पर रोक:** उन्होंने राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन (NMP) का विरोध किया है, जिसे राष्ट्रीय परिसंपत्तियों को निजी निगमों को अंतरित करने के कदम के रूप में देखा जाता है।
  - CTU सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (PSU) और सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (PSE) जैसे भारतीय रेलवे के निजीकरण, विनिवेश एवं बिक्री पर तत्काल रोक लगाने की मांग करते हैं।
- **उचित न्यूनतम मजदूरी का कार्यान्वयन:** CTU द्वारा **15वीं ILC (वर्ष 1957)** की संस्तुति तथा *??????????? ??????, 1991* में सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के आधार पर न्यूनतम वेतन **कम से कम 26,000 रुपए प्रतिमाह** निर्धारित करने की मांग की गई है।
  - वे मुद्रास्फीति के अनुरूप **प्रत्येक पाँच वर्ष में नियमित वेतन संशोधन की मांग** करते हैं।
- **रोज़गार सृजन और नौकरी की सुरक्षा:** बढ़ती **बेरोज़गारी** को नियंत्रित करने के लिये CTU निश्चित अवधि की रोज़गार नीतियों को वापस लेने की मांग करते हैं, जो विशेष रूप से प्रवासी श्रमिकों में नौकरी की असुरक्षा उत्पन्न करती हैं।
  - उन्होंने अग्निपथ योजना को समाप्त करने तथा अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) कन्वेंशन संख्या 1 का पालन करने का आह्वान किया, जो **8 घंटे का कार्यदिवस अनिवार्य** करता है।
  - रोज़गार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (ELI) **योजनाओं** पर विस्तृत चर्चा हुई, जिनसे देश में दो करोड़ नौकरियों के सृजन का अनुमान है।
- **पूर्ववर्ती पेंशन योजना (OPS) की पुनर्स्थापना:** CTU गैर-अंशदायी **पूर्ववर्ती पेंशन योजना** की पुनर्स्थापना की मांग करते हैं, जिसके बारे में उनका मानना है कि यह सेवानिवृत्त श्रमिकों को बेहतर सामाजिक सुरक्षा प्रदान करती है।
  - वे कर्मचारी पेंशन योजना (EPS) **वर्ष 1995 के अंतर्गत आने वाले लोगों के लिये न्यूनतम पेंशन 9,000 रुपए प्रतिमाह** और किसी

भी **योजना के अंतरगत न आने वाले लोगों के लयि न्यूनतम पेंशन 6,000 रुपए प्रतमिाह** की मांग करते हैं।

## भारत में व्यवसाय संघ के पंजीकरण हेतु प्रावधान

- **पंजीकरण प्रावधान:** एक पंजीकृत व्यवसाय संघ में संबंधति प्रतष्ठिान या उद्योग में **कम-से-कम 10% या 100 करमचारी (**जो भी कम हो) होने चाहयि तथा न्यूनतम 7 सदस्य होने चाहयि।
- **ट्रेड यूनयिन बनाने से छूट:** परचिालन दक्षता बनाए रखने के लयि कुछ संगठनों को ट्रेड यूनयिनों में शामलि होने से छूट दी गई है।
  - कुछ संगठन जो ट्रेड यूनयिन/व्यवसाय संघ नहीं बना सकते हैं वे हैं:
    - **सशस्त्र बल:** भारतीय **सशस्त्र बलों (सेना, नौसेना और वायु सेना)** के करमचारी ट्रेड यूनयिन बनाने के पात्र नहीं हैं।
      - यह **सशस्त्र बल अधनियिम, 1950** द्वारा शासति है, जो सशस्त्र बलों के भीतर ट्रेड यूनयिनों के गठन को प्रतबिंधति करता है।
    - **पुलसि और कानून प्रवरतन एजेंसयिाँ: पुलसि बल (अधकिारों पर प्रतबिंध) अधनियिम, 1966** इंस्पेक्टर के पद से नीचे के अराजपत्रति पुलसि करमचारियों को कसिी भी प्रकार का संघ या समूह बनाने से रोकता है।

## भारतीय श्रम सम्मेलन (ILC) क्या है?

- ILC **श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय** में शीर्ष स्तरीय **त्रपिक्षीय परामरशदात्री समत**ि है, जसिमें नम्निलखिति शामलि हैं:
  - **केंद्रीय व्यवसाय संघ संगठन: श्रमकिों** का प्रतनिधित्वि करते हैं।
  - **नयिोक्ताओं के केंद्रीय संगठन: नयिोक्ताओं** का प्रतनिधित्वि करते हैं।
  - **सरकारी प्रतनिधि: श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय,** राज्य सरकारें, केंद्रशासति प्रदेश और संबंधति **केंद्रीय मंत्रालय/वभिाग** शामलि हैं।
- यह देश के **श्रमकि वर्ग** से संबंधति मुद्दों पर सरकार को सलाह देता है।
- **भारतीय श्रम सम्मेलन** (जसिे तब **त्रपिक्षीय राष्ट्रीय श्रम सम्मेलन** कहा जाता था) की पहली बैठक **वर्ष 1942 में** हुई थी।

## चार श्रम संहताएँ क्या हैं?

- **चार श्रम संहताएँ:** सरकार ने **29 श्रम कानूनों** को मलिाकर उन्हें **4 श्रम संहताओं** में संहताबद्ध कयिा है:
  - **वेतन संहता, 2019:** इसने प्रत्येक श्रमकि के लयि **"जीवकिा के अधकिार"** को सुनश्चिति करने हेतु सभी करमचारियों के लयि न्यूनतम वेतन और समय पर भुगतान के प्रावधानों को सारवभौमकि बना दयिा।
    - इसमें यह अनवािर्य कयिा गया है क**िमासकि वेतन पाने वाले करमचारियों** को अगले महीने की 7 तारीख तक, साप्ताहकि वेतन पाने वाले करमचारियों को **सप्ताह के अंत** तक तथा दैनकि मज़दूरी पाने वालों को **उसी दनि** भुगतान कयिा जाए।
  - **औद्योगकि संबंध संहता, 2020:** यह श्रमकिों के **ट्रेड यूनयिन** बनाने के अधकिारों की रक्षा करने, नयिोक्ताओं और श्रमकिों के बीच टकराव को कम करने और [औद्योगकि ववादों]() के नपिटारे के लयि नयिम प्रदान करने हेतु एक ढाँचा प्रदान करता है।
    - संहता का उद्देश्य औद्योगकि ववादों को प्रभावी ढंग से हल करके **औद्योगकि शांत**ि और सद्भाव प्राप्त करना है।
  - **सामाजकि सुरक्षा संहता, 2020:** इसमें जीवन एवं दव्यिांगता बीमा, स्वास्थ्य एवं [मातृत्व लाभ]() तथा भवषि्य नधि जैसी सामाजकि सुरक्षा योजनाओं के अंतरगत स्व-नयिोजति, गृह-आधारति, मज़दूरी, प्रवासी, **असंगठति क्षेत्र** और [गगि श्रमकि]() शामलि हैं।
  - **व्यवसायगत सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कारय स्थतियिाँ संहता, 2020:** यह उद्योग, वनिरि्माण, कारखाने आद जैसे वभिन्नि क्षेत्रों में कारयरत श्रमकिों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और कल्याण पर ज़ोर देता है।
    - यह संहता नम्निलखिति क्षेत्रों में लागू है:
      - **20 या अधकि श्रमकिों** वाले कारखाने जहाँ वनिरि्माण प्रक्रयिा वद्युित की सहायता से होती है।
      - **40 या अधकि श्रमकिों** वाले कारखाने जहाँ वनिरि्माण प्रक्रयिा वद्युित की सहायता के बनिा होती है।

## CTUs की मांगों को पूरा करने के लिए क्या कदम उठाने की आवश्यकता है?

- **समावेशी परामरश और संवाद:** सरकार को **चार श्रम संहता कारयान्वयनों के संबंध में** सरकार, नयिोक्ताओं और श्रमकि संघों के बीच त्रपिक्षीय संवाद बनाए रखते हुए वर्तमान और भवषि्य के श्रम सुधारों पर चर्चा करने हेतु ILC का समय नरि्धारति और संचालन करना चाहयि।
- **रोज़गार और सामाजकि सुरक्षा:** रोज़गार की असुरक्षा में योगदान देने वाली नश्चिति अवध कि रोज़गार नीतयिों पर पुनरवचिार करें और रोज़गार की स्थरिता पर अग्नपिथ योजना के प्रभाव का आकलन करें।
- **प्रवासी श्रमकिों के लयि राष्ट्रीय नीत**ि: यूनयिनों की मांग है क अंतरराज्यीय प्रवासी कामगार अधनियिम, 1979 के सुदृढ़ीकरण और प्रभावी कारयान्वयन के साथ-साथ प्रवासी श्रमकिों के लयि एक व्यापक राष्ट्रीय नीत तैयार करने पर वचिार कयिा जाना चाहयि।
- **ILO अभसिमय का अनुसमरथन:** यूनयिन घर-आधारति श्रमकिों पर ILO अभसिमय C177 के अनुसमरथन की मांग करती हैं ताक उचति वेतन, सामाजकि सुरक्षा और स्वास्थ्य कवरेज के उनके अधकिार सुनश्चिति हो सकें।

***??????? ?????? ???????:***

**??????:** चार श्रम संहताओं और उनकी वशिषताओं पर चर्चा कीजयि। श्रम सुधारों के संबंध में श्रमकि ट्रेड यूनयिनों की वभिन्नि चताएँ क्या हैं?

## UPSC सविलि सेवा परीक्षा, वगित वर्षों के प्रश्न

## ??????????

**प्रश्न: नम्निलखिति कथनों पर वचिार कीजयि:(2017)**

1. कारखाना अधनियिम, 1881 को औद्योगकि मज़दूरों की मज़दूरी तय करने और मज़दूरों को ट्रेड यूनयिन बनाने की अनुमतदिने के उद्देश्य से पारति कयिा गया था।
2. एन.एम. लोखंडे ब्रटिशि भारत में श्रमकि आंदोलन के आयोजन में अग्रणी थे।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (b)**

---

**प्रश्न .वर्ष 1929 के व्यापार ववािद अधनियिम में नम्निलखिति प्रावधान कयि गए थे(2017)**

(a) उद्योगों के प्रबंधन में श्रमकिों की भागीदारी।
(b) औद्योगकि ववािदों को कम करने के लयि प्रबंधन को मनमानी शक्तयिाँ।
(c) व्यापार ववािद की स्थति में ब्रटिशि न्यायालय द्वारा हस्तक्षेप।
(d) न्यायाधकिरणों की एक प्रणाली और हड़तालों पर प्रतबिंध

**उत्तर: (d)**

---

**प्रश्न: प्राचीन भारत के गल्डि (श्रेणी) के संदर्भ में, जन्होंने देश की अर्थव्यवस्था में बहुत महत्त्वपूर्ण भूमकिा नभिाई, नम्निलखिति में से कौन-सा कथन सही है/हैं? (2012)**

1. प्रत्येक गल्डि राज्य के केंद्रीय प्राधकिरण के साथ पंजीकृत था और राजा उन पर मुख्य प्रशासनकि अधकिारी था।
2. मज़दूरी, कार्य के नयिम, मानक और कीमतें गल्डि द्वारा तय की जाती थीं।
3. गल्डि के पास अपने सदस्यों पर न्यायकि शक्तयिाँ थीं।

**नम्निलखिति कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनयि:**

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 3
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (c)**

---

## ?????

**प्रश्न.1920 के दशक से राष्ट्रीय आंदोलन ने वभिन्नि वैचारकि धाराएँ प्राप्त कीं और इस प्रकार अपने सामाजकि आधार का वस्तिार कयिा। चर्चा कीजयि। (2020)**

**प्रश्न.अंग्रेजों द्वारा भारत से अन्य उपनवेशों में गरिमटियिा मज़दूरों को क्यों ले जाया गया? क्या वे वहाँ अपनी सांस्कृतकि पहचान को बनाए रखने में सक्षम रहे हैं? (2018)**

**प्रश्न.पछिले चार दशकों में भारत के भीतर और बाहर श्रम प्रवास की प्रवृत्तयिों में आए बदलावों पर चर्चा कीजयि। (2015)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/central-trade-unions-ctus-demand-for-labour-welfare